## खबर संक्षेप

### रादौर में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**रादौर।** रादौर के कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी ध्वजारोहण करेंगे। कस्तूरबा ट्रस्ट की प्रतिनिधि तारा बहल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ट्रस्ट परिसर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चे व महिलाएं देशभक्ति के गीत प्रस्तुत करेंगी। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी ध्वजारोहण करेंगे। मौके पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई जाएगी।

### कृष्ण दुग्गल को सम्मानित किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित धानक भवन कबीर छात्रावास में धानक समाज के जिला के अध्यक्ष कृष्ण दुग्गल को भाजपा में जिला सचिव नियुक्त करने पर धानक समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धानक समाज के जिला के सचिव डॉ.रणधीर सिंह, रघवीर लडवाल, जगदीश नागर, जगदीश दुग्गल नौल्था, अशोक कुमार, रणधीर मोर, श्रीसंत भौंसले, इन्द्र सिंह सोलंकी, मेजर जगदीश खनगवाल पवन कायत, डॉ.प्रदीप भालसी, जगदीश नागर, भगवान दास बसौर नारा, सन्नी बसौर, सुरेन्द्र खलीला, रोहतास निनानिया, मंधीर दुग्गल, रोशनी देवी, दिलबाग खटक आदि शामिल रहे।

### जीवन में धर्म का पालन करें

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव राजाखेड़ी में विराजमान जैन संतों रोहित मुनि, श्रेयांश मुनि, रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत प्रवचन कार्यक्रम हुआ। जिसका शीर्षक था गुरु सेठ प्रकाश उपकार दिवस। रोहित मुनि ने सेठ जी महाराज के त्यागी जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से जीवन में धर्म का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर श्रेयांस मुनि, मुकेश वर्मा, संजय जैन, मन्नत मलिक, श्री एसएस जैन सभा के महामंत्री सुनील जैन व मंत्री संदीप जैन छोटू आदि उपस्थित रहे।

### कार से टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** सनौली रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक राजू निवासी चांदनी बाग कालोनी की मौत हो गई। इधर, पुलिस ने मृतक के भाई सुरेश की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद राजू का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खिलाड़ियों ने योगा में दिखाया दम

**पानीपत।** पानीपत। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पानीपत द्वारा आर्य कॉलेज मिनी ऑडिटोरियम में पांचवीं योगासन खेल चैंपियनशिप करवाई गई। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष जसमेर सिंह व अशोक मित्तल ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के सचिव लोकमान सिंह, भीम सचदेवा, कुलदीप, अशोक, सुभाष झांब, सुदेश, रुद्र, प्रदीप, संदीप, मीनू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

### प्रदर्शनकारियों ने विदेशी कंपनियों भारत छोड़ो के लगाए नारे

# उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने किया प्रदर्शन का नेतृत्व**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। शहीद भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन करते हुए उद्योग व्यापार मंडल व स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य।

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा यमुनानगर व स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने रविवार को स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत विदेशी कंपनियों के विरोध में शहर के अमर बलिदानी शहीद भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विदेशी कंपनियों भारत छोड़ों के नारे लगाए। रविवार सुबह उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के यमुनानगर शाखा व स्वदेशी जागरण मंच के सैंकड़ो सदस्य अपने हाथों में तिरंगा लेकर मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल के नेतृत्व में शहर के शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर विदेशी कंपिनयों के विरोध में नारेबाजी की और उन्हें भारत छोड़ने का ऐलान किया। मौके पर उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र मित्तल ने कहा की यह अभियान अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति मेंही आयोजित किया गया।

जिस आंदोलन ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि आज देश भर में विदेशी कंपनियां पांव फैलाकर भारत के लोगों का उत्पीड़न कर रही हैं। मौजूदा वैश्विक परिस्थियों में अमेरिका और अन्य देश संरक्षणवादी नीतियां अपनाकर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं से वैश्विक व्यापार को रोक रहे हैं। जबकि चीन जैसे देश सस्ते और घटिया माल बनाकर हमारे विनिर्माण, रोजगार और एमएसएमई को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। भारत चीन व्यापार घाटा 99.2 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। जो राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती है। मित्तल ने कहा कि अमेजन, वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट जैसे ई कॉमर्स दिग्गजे 21वीं सदी की ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर भारतीय खुदरा व्यापार को कमजोर कर करोड़ों छोटे व्यापारियोंऔर उद्योग को हाशिये पर डाल रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इन विदेशी कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाए जाने और नीतियों की पुनः समीक्षा किए जाने की मांग की।

**स्थानीय बाजारों में जाकर खरीदारी करें**

इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ नेता संजय मित्तल ने कहा कि सभा में विशेष रूप से जिले के हर नागरिक से अपील की गई कि वे स्थानीय बाजारों में जाकर खरीदारी करें। जिससे हमारे स्थानीय दुकानदार और छोटे व्यापारी आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। इस अवसर पर रविश चौहान,तरुण शर्मा, विजय सेठी, नरेश सागर, राजू सागर व विजय मिडडा आदि मौजूद रहे।

---


यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते पार्टी के कार्यकर्ता। फोटोः हरिभूमि

# हिंसक विभाजन से हुई थी स्वतंत्र भारत की उत्पत्तिः कंवरपाल

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी यमुनागर द्वारा शहर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, पूर्व मेयर मदन चौहान व भाजपा नेता विशाल सेठ मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता कार्यक्रम की जिला संयोजक रोजी मलिक आंनद ने की।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विभाजन विभीषिका की त्रासदी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा है। इसलिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा बड़े स्तर पर कार्यक्रम करके विभाजन विभीषिका की त्रासदी को स्मृति दिवस के रूप में मनाती आ रही है। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 1947 को लागू हुए विभाजन से लाखों लोगों की जान गई और करोड़ो लोगों को अपना घर बार छोड़कर शरणार्थी जीवन अपनाना पड़ा।


यमुनानगर। संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस अनगिनत पीड़ितों के साहस, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। जिन्होंने इस विभाजन की भयावहता को झेला है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी बंटवारे के समय पाकिस्तान से आए लोगों का दर्द नहीं समझा। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि बंटवारे से पहले हमारे देश में खुशी का माहौल था। हर व्यक्ति के आजादी को लेकर सपने थे। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को धर्म को लेकर देश का बंटवारा हुआ। जिसकी बहुत बड़ी कीमत हमने चुकाई है। बंटवारे के दौरान 10 लाख से अधिक लोग मारे गए और एक करोड़ के करीब लोग विस्थापित हुए। इसके लिए सीधे तौर पर कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार है। कार्यक्रम की जिला संयोजक रोजी मलिक आंनद ने बताया कि भारत पाक विभाजन ने भारतीय उप महाद्वीप के दो टुकड़े कर दिए।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा,जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रमुख विपिन साहनी, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, पूर्व विधायक बीएल सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा, जिला सचिव प्रभा सागर, जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र मुंजाल व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर आदि मौजूद रहे।

---

# युवक ने महिला के गले से छीनी चेन

- जगाधरी बस स्टैंड पर महिला कर रही थी बस का इंतजार
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी बस स्टैंड पर खड़ी होकर बस की इंतजार कर रही महिला के गले से एक युवक ने सोने की चेन छीन ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की गीता कॉलोनी निवासी सुषमा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर जाने के लिए सुबह 10 बजे जगाधरी बस स्टैंड पर बस की इंतजार कर रही थी। इस दौरान वहां पर एक युवक वहां आया और उसके गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी का कुछ भी सुराग नहीं लग पाया। उसने बताया कि उसकी सोने की चेन करीब ढाई तोले की थी। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रूपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जगाधरी की लोहारन गली निवासी किरण चौहान ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम पांच बजे जय सिटी में किसी काम से गया था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसे उसका पर्स छीन लिया। जिसमें मोबाइल आधार कार्ड, बैंक की पासबुक, एटीएम कार्ड तथा अन्य दस्तावेज थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

**एक व्यक्ति का पर्स चोरी**

गांव पांसरा निवासी राजेश ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आठ अगस्त को दोपहर दो बजे किसी काम से यमुनानगर आया था। जब वह रेलवे स्टेशन के पास ढाबे के पास पहुंचा तो अज्ञात ने उसकी जेब से पर्स चोरी कर लिया। उसने बताया कि उसके पर्स में सात हजार रूपये, आधार कार्डए पैन कार्ड व एटीएम कार्ड था। जब उसे अपनी जेब से पर्स गायब गया मिला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# सामाजिक कल्याण के कार्यों में लगाएं मानव जीवन

- जगाधरी में आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम
- साध्वी नीलम भारती ने बताया मानव जीवन में गुरु सेवा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते साध्वी नीलम भारती व श्रवण करती साध संगत।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती मानव जीवन में गुरु सेवा का महत्व बताया। मौके पर उन्होंने एक दिन पहले मनाए गए रक्षाबंधन पर्व की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु और प्रभु का गुणगान कर सभी साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि मानव जीवन में गुरु सेवा का अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम किसी अपने जैसे दिखने वाले मनुष्य के लिए ही अपनी जीवन की ऊर्जा शक्ति को लगा दें। बल्कि वह हमारे जैसी दिखने वाली परम सत्ता जो मानव से महामानव बन चुका है उसकी आज्ञा में रहते हुए हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकें। यह ही गुरु सेवा का पर्याय है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन तभी सार्थक हो सकता है जब इसे परोपकार एवं सामाजिक कल्याण के कार्य में लगाया जाए।


यदि हम आजीवन केवल स्वार्थ पूर्ति एवं विषय भोग के लिए ही इस मानव तन का उपयोग करते हैं। तो कदाचित यह मानव जीवन की दुर्गति है। वह पारब्रह्म सत्ता साकार स्वरूप धारण करके गुरु रूप में धरा पर अवतरित होती है। तो वह अपनी निजी सेवा हेतु किसी जीवात्मा को नहीं लगातो है। बल्कि वह सम्पूर्ण जीव जगत के कल्याण एवं परोपकार के लिए कुछ सौभाग्यशाली जीवात्मा को चुनकर कुछ कार्यों में संलग्न करती है। जिसके द्वारा उनके कर्म संस्कारों का बोझ कम हो जाता है । इसके बाद उस गुरु सेवा में लगे हुए साधक के लिए साधना एवं भक्ति का मार्ग अति सरल एवं सहज हो जाता है।

---

# चोरों ने चोरी कर लिया हजारों का सामान

- कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी के निजी कार्यालय में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के कार्यालय में गेट फांदकर भीतर प्रवेश करते हुए आरोपी का सीसीटीवी फुटेज का दृश्य।

यमुनानगर से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के जगाधरी वर्कशाप मार्ग पर इंटक हाल के नजदीक स्थित निजी कार्यालय से चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में लगी है। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने कहा कि बीती रात चोरों ने कार्यालय में घुसकर टूंटियां, कार्यालय में लगे दो एसी की कॉपर पॉइप व बिजली की तारों समते अनय सामान चोरी कर लिया। उन्हें इस बारे सूचना तब मिली जब सुबह के वक्त उनका स्टाफ कार्यालय में पहुंचा। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

**मामले में की जा रही है जांच**

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है । ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। पुलिस का मानना है कि घटना में एक से अधिक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं और चोर आस पास के इलाके से ही वारदात को अंजाम देकर भागे हैं। कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले ली है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। संभावना है आरोपियों का जल्द पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

# हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी युवक से बरामद की 15 ग्राम हेरोइन
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश कर लिया दो दिन का रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से पुलिस ने 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर ले लिया। फरकपुर थाना प्रबंधक जनक राज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रटौली-कांसापुर मार्ग पर एक युवक संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल पर कोई नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सिपाही चिराग व नीरज की टीम बनाकर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में डीएसपी रजत गुलिया को बुलाया गया। उनकी मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 60 हजार रूपये है। पूछताछ में आरोपी की पहचान बैंक कालोनी निवासी चंदन के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर ले लिया। मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।


यमुनानगर। फरकपुर पुलिस द्वारा हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया युवक हिरासत में बैठा हुआ।

---

# ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज में 4 को होगा अध्यापक दिवस कार्यक्रम

- रोटरी क्लब, चैतन्य ग्रुप व इनरव्हील क्लह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम
- कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज नाचरौन(रादौर) में चार सितंबर को छठे अध्यापक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब, चैतन्य ग्रुप, इनरव्हील क्लब, रोट्रेक्ट क्लब व ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

रोटरी क्लब रादौर के प्रधान हरजीत सैनी ने बताया कि अध्यापक दिवस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में चैतन्य ग्रुप के एमडी राजीव शर्मा भाग लेंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज के चेयरमैन सीए एसके जिंदल मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि अध्यापक दिवस कार्यक्रम में रादौर क्षेत्र के 50 से अधिक अध्यापकों को उत्कृष्ट कार्यों व उल्लेखनीय योगदान के लिए आयोजकों द्वारा नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सैनी ने बताया कि उनकी क्लब की ओर से छह वर्ष पहले अध्यापक दिवस पर क्षेत्र के अध्यापकों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया था।

तब से हर वर्ष अध्यापक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के निर्माता अध्यापक वर्ग को सम्मानित किया जाता है। अध्यापक समाज का आईना है जो समाज निर्माण का कार्य करते हैं।

---

### क्लब की ओर से पार्क में लड्डू बांटकर खुशियां मनाई

# महाराणा प्रताप पार्क में स्थापित किए गए 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का उत्साह से मनाया पहला स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर व पार्क एसोसिएशन द्वारा रविवार को कस्बा के महाराणा प्रताप पार्क में सांसद नवीन जिंदल की ओर से स्थापित करवाए गए 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का पहला स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रविवार को क्लब की ओर से पार्क में लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई। वहीं, स्थानीय लोगों ने सांसद नवीन जिंदल को भेजे मांगपत्र में कस्बा के पार्क में स्थापित 106 फुट ऊंचे ध्वज के स्थान पर 208 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करवाए जाने की मांग की।


यमुनानगर। रादौर में महाराणा प्रताप पार्क में स्थापित 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के पहले स्थापना दिवस पर लड्डू बांटते रोटरी क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब रादौर के मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने बताया कि क्लब की मांग पर सांसद नवीन जिंदल ने 10 अगस्त 2024 को कस्बा के महाराणा प्रताप पार्क में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करवाया था। जिससे रादौर का मान सम्मान बढ़ा है। पार्क में लगा राष्ट्रीय ध्वज हमारे मान सम्मान का प्रतीक है। जो हमें हमारे शहीदों व महापुरुषों की याद दिलाता है। हर भारतीय का राष्ट्रीय ध्वज देखकर सीना चौड़ा हो जाता है। उनकी मांग है कि सांसद नवीन जिंदल अब पार्क में 208 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करवाएं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, प्रधान पार्क एसोसिएशन भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर सतपाल मलिक, गुरचरण सेठी, दिनेश कतियाल, सुनील माटिया, दीपक रोहिला, दारी मनचंदा, वेदप्रकाश वर्मा व पप्पू नागपाल आदि मौजूद रहे।

